15 अप्रैल, 2025, Irvine शहर विशेष नगरपालिका चुनाव (परिषद जिला 5)– सार्वजनिक सेवा घोषणा

Orange काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार, मतपत्र को आसानी और सुरक्षा के साथ डालने के लिए प्रत्येक मतदाता के अधिकार की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

SANTA ANA, CA – 20 मार्च, 2025 – 15 अप्रैल, 2025, के Irvine शहर विशेष नगरपालिका चुनाव (परिषद जिला 5) में मतदान आरंभ हो चुका है।

इस सप्ताह की शुरुआत में Irvine शहर जिला 5 के सभी सक्रिय पंजीकृत मतदाताओं को मतपत्र डाक द्वारा भेज दिए गए थे।

इस चुनाव के दौरान मतपत्र डालने के लिए मतदाताओं के पास चार विकल्प होंगे:

1. चुनाव दिवस के दिन या उससे पहले मतपत्र को डाक से भेजना (किसी भी डाक खर्च की आवश्यकता नहीं है)। मेलबॉक्स की स्थिति जानने के लिए यहाँ जाएँ ocvote.gov/mail

2. Irvine शहर जिला 5 में मौजूद दो सुरक्षित ड्रॉप बॉक्सों में से एक का उपयोग करें। जगहों को जानने के लिए यहाँ जाएँ ocvote.gov/dropbox

3. Irvine शहर परिषद जिला 5 के दो मतदान केंद्रों में से किसी एक में व्यक्तिगत रूप से मतपत्र को डालें। जगह की जानकारी और कार्य के घंटों को जानने के लिए यहाँ जाएँ ocvote.gov/votecenter

4. Irvine शहर जिला 5 के दो मतदान केंद्रों में से किसी एक में व्यक्तिगत रूप से मतदान करें।

Santa Ana में मतदाता रजिस्ट्रार के कार्यालय में भी एक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स है और यह सोमवार से लेकर शुक्रवार तक, सुबह 8 बजे से - सायंकाल 5 बजे तक, कार्य के नियमित घंटों के दौरान Irvine शहर जिला 5 की सभी मतदाता सेवाओं के लिए उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए यहाँ ocvote.gov/about पर जाएँ।

शनिवार, 5 अप्रैल, 2025 से आरंभ करते हुए, 11 अप्रैल, 2025 तक Irvine सिटी हॉल का मतदान केंद्र सुबह 8 बजे से लेकर सायंकाल 5 बजे तक खुला रहेगा। शनिवार 12 अप्रैल, 2025 से आरंभ करते हुए 14 अप्रैल, 2025 तक, Irvine सिटी हॉल और विश्वविद्यालय उद्यान सामुदायिक केंद्र के मतदान केंद्र सुबह 8 बजे से लेकर रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। चुनाव दिवस के दिन, दोनों मतदान केंद्र सुबह 7 बजे से लेकर रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

और अधिक जानकारी के लिए मतदाता हमारी मतदाता हॉटलाइन को 888-OCVOTES या 888-628-6837 पर फोन भी कर सकते हैं।

15 अप्रैल, 2025 के Irvine शहर विशेष नगरपालिका चुनाव (जिला 5) के बारे में अन्य जानकारियों को Orange काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार की वेबसाइट (ocvote.gov/elections) से प्राप्त किया जा सकता है।

###

मतदाता रजिस्ट्रार के बारे में:
मतदाता रजिस्ट्रर Orange काउंटी में चुनाव को संचालित करने के लिए जिम्मेदार हैं, जो संयुक्त राज्य में पाँचवां सबसे बड़ा मतदान न्यायाधिकार है जिसमें 1.9 मिलियन पंजीकृत मतदाता हैं। हम एक काउंटी काउंटी एजेंसी है, जिसे काउंटी के सामान्य कोष से निधि और संघीय सरकार, California राज्य और स्थानीय न्यायाधिकारों से समय-समय पर प्रतिपूर्ति की प्राप्ति होती है। और अधिक पढ़ें >>

मीडिया संपर्क:
Enedina Chhim
सामुदायिक प्रसार प्रबंधक
714-567-5197
Mediasupport@ocvote.gov

स्रोत:
Orange काउंटी मतदाता रजिस्ट्रार

संपादकों के लिए नोट: अन्य जानकारी के लिए हमारे बारे में पेज पर जाएँ अथवा 714-567-5197 पर मतदाता रजिस्ट्रार मीडिया हेल्प लाइन पर फोन करें।